फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री मुकेश चन्द्र गाडरी नि0 लठिया खेड़ी, तहसील रेलमगरा जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा – प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 पत्रावली संख्या 46/2024

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई

दिनांक 22.07.2024

पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया।

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा से जरिये पृष्ठांकित क्रमांक/सू0 अ0 2005/2024/309 दिनांक 19.07.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना के संबंध में समस्त ग्रामवासी सिन्देसर कला के ग्रामीणों के द्वारा श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, राजसमन्द के नाम पर प्रस्तुत ज्ञापन प्रा0पत्र दिनांक 08.04.2024 के संबंध में इस कार्यालय के पत्र क्रमांकः न्याय/ज्ञापन/2024/185 दिनांक 07.05.2024 द्वारा तहसीलदार रेलमगरा को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा गया।

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना के संबंध में कार्यालय के पत्र क्रमांकः न्याय/ज्ञापन/2024/185 दिनांक 07.05.2024 द्वारा तहसीलदार रेलमगरा को नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा गया।

उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा को निर्देशित किया जाता है कि तहसीलदार रेलमगरा द्वारा उक्त संबंध में की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रति नियमानुसार अपीलार्थी को उपलब्ध करवायी जाकर इस कार्यालय को अवगत करावे। अतः उक्त प्रकरण को इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है

निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी रेलमगरा, तथा तहसीलदार रेलमगरा को भिजवायी जावे।

पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
(जिला कलक्टर) राजसमंद